इस्सी सानेक : नई डायनासोर प्रजाति

चर्चा में क्यों?

हाल ही में शोधकर्त्ताओं ने **214 मिलियन (पूर्व ट्राइसिक युग)** वर्ष पूर्व [ग्रीनलैंड]() पर निवास करने वाली पहली डायनासोर प्रजाति की खोज की है।

[//]()

प्रमुख बिंदु

- **खोज:**
  - वर्ष 1994 में **हार्वर्ड विश्वविद्यालय के जीवाश्म वैज्ञानिकों** ने **पूर्वी ग्रीनलैंड** में खुदाई के दौरान दो अच्छी तरह से संरक्षित डायनासोर खोपड़ी का पता लगाया था।
    - नमूनों में से एक मूल रूप से **प्लेटोसॉरस (Plateosaurus)** प्रजाति से संबंधित माना जाता था जो जर्मनी, फ्राँस और स्विट्ज़रलैंड में पाया जाने वाला एक प्रसिद्ध लंबी गर्दन वाला डायनासोर था।
    - शोधकर्त्ताओं ने निर्धारित किया है कि यह **एक नई प्रजाति है,** जिसे **'इस्सी सानेक' (Issi Saaneq)** नाम दिया गया है।
- **परिचय:**
  - यह एक मध्यम आकार का, लंबी गर्दन वाला डायनासोर, **सॉरोपोड्स का पूर्ववर्ती था जो अब तक का सबसे बड़ा भूमि पर पाया जाने वाला जानवर** है।
    - इस्सी सानेक अब तक खोजे गए अन्य **सभी सॉरोपोडोमोर्फ से अलग** है, लेकिन ब्राज़ील में पाए जाने वाले डायनासोर से इनमें कुछ समानताएँ पाई जाती हैं, जैसे **मैक्रोकोलम (Macrocollum)** और **उनायसॉरस, (Unaysaurus)** जो लगभग 15 मिलियन वर्ष पुराने हैं।
    - यह **उत्तर दिशा में 40 डिग्री से अधिक ऊँचाई पर पाएँ जाने वाला पहला सैरोपोडोमोर्फ** था।
  - ग्रीनलैंड की इनुइट (Inuit) भाषा में नए डायनासोर का नाम का अर्थ है **'कोल्डबोन' (coldbone)।**
    - इनुइट भाषा, जो एस्किमो भाषाओं का नॉर्थ-इस्टर्न डिवीजन है। यह भाषा **उत्तरी अलास्का, कनाडा** और **ग्रीनलैंड** में बोली जाती है।
- **खोज का महत्त्व:**
  - नई प्रजाति [पृथ्वी के इतिहास]() में एक महत्त्वपूर्ण समय के दौरान रहती थी। यह शोधकर्त्ताओं को उस समय के अनुसार जलवायु परिवर्तन को समझने में मदद करेगा।
  - मुख्यत: ग्रीनलैंड के लिये यह **एक अद्वितीय नई प्रजाति महत्त्वपूर्ण** है, क्योंकि **यह शोधकर्त्ताओं को पूर्व-ट्रायसिक डायनासोर की पहुँच** के बारे में और साथ ही साथ सॉरोपोड्स कैसे विकसित हुआ, इसके बारे में अधिक समझने में मदद करता है।
  - इस्सी सानेक की खोज **प्लेटोसॉरिड सॉरोपोडोमोर्फ (Plateosaurid Sauropodomorphs) के विकास** के बारे में ज्ञान को व्यापक बनाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/issi-saaneq-new-dinosaur-species